# ई-वाहनों के 10 चार्जिंग स्टेशन खुलेंगे

**अच्छी खबर**

**लखनऊ।** पेट्रोल पंप की तर्ज पर अब इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। आरटीओ प्रशासन लखनऊ आरपी द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ से आगरा एक्सप्रेस-वे पर दोनों तरफ मिलाकर दस चार्जिंग स्टेशन खोले जा रहे हैं। इसके अलावा लखनऊ शहर से जुड़े आगरा और वाराणसी रूटों पर भी चार्जिंग स्टेशन खोलने की योजना है।

चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को दिवाली पर नए चार्जिंग स्टेशन का तोहफा देने की तैयारी है। चार्जिंग स्टेशन खोलने के लिए कुछ नियम शर्तें भी हैं। इसके मुताबिक 30 किलोमीटर से 80 किलोमीटर के बीच एक चार्जिंग स्टेशन खोला जा सकता है।

इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनियों के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहन पर प्रति किमी. का खर्च एक रुपये जबकि पेट्रोल चलित वाहनों पर एक किमी. का खर्च साढ़े पांच से छह रुपये के बीच आत है।